भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1882
गुरुवार, 14 दिसंबर 2023/23 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान कंपनियों को दिशानिर्देश

1882. श्री ए.के.पी. चिनराजः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नागर विमानन महानिदेशालय का संविधान की 8वीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट सभी भाषाओं में उड़ान सुरक्षा संबंधी घोषणाएं करने के लिए विमान कंपनियों को दिशानिर्देश जारी करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) चेन्नई विमानपत्तन के टर्मिनल 4 और टर्मिनल 1 भवन की सामने की दीवार पर क्या नाम लिखा है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डॉ.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) समय-समय पर एयरलाइन प्रचालकों को इस संदर्भ की एडवाइजरी जारी करता रहा है कि वे, प्रचालनों और चालक दल के सदस्यों के मुख्य कार्य की सुरक्षा से समझौता किए बगैर, उड़ान के दौरान घोषणा करते समय जहां तक संभव हो, अंग्रेजी और हिंदी के अलावा, क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग करें।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संविधान की 8वीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट सभी भाषाओं में उड़ान सुरक्षा घोषणा करने के लिए एयरलाइन प्रचालकों को कोई विशेष दिशानिर्देश जारी नहीं किए हैं।

(ख): चेन्नई हवाईअड्डे पर, टर्मिनल 4 के सामने की दीवार पर "कामराज अंतर्देशीय टर्मिनल टी4 (त्रिभाषी रूप में)" है और टर्मिनल 1 की सामने की दीवार पर "कामराज अंतर्देशीय टर्मिनल-टी1 (त्रिभाषी रूप में)" नाम लिखा है।

*****